PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रैंगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 21 अंक 24 जयपुर : 23 जुलाई 2023 से 7 अगस्त 2023 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

जरूरी सूचना

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

सम्पादकीय

सभी पाठकों को आगामी 22वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। अगले अंक में 21 वष पूरे कर 22वें वर्ष में प्रवेश करेंगे। यह सब परिष्कार के सम्मानीय पाठकों का सहयोग हैं। हम राजस्थान से बात की शुरूआत करते हैं कि इस वर्ष राजस्थान प्रथम राज्य बना जहां रोजगार गारंटी योजना लागू हुई। जहां जो व्यक्ति रोजगार करने योग्य है चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र से हो या फिर शहरी क्षेत्र से। राज्यसरकार ने कई सारे कानून बनाकर जहां एक ओर प्रदेशवासियों को राहत दी है वहीं सामाजिक सुरक्षा के नियम–कायदे भी बनाए। अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार "वह सुरक्षा जो समाज, उचित संगठनों क माध्यम से अपने सदस्यों के साथ घटित होने वाली कुछ घटनाओं और जोखिमों से बचाव के लिए प्रस्तुत करताहैं, सामाजिक सुरक्षा है। ये जोखिम रोग, मातृत्व, अयोग्यता, वृद्धावस्था तथा मृत्यु हैं। इन संदिग्धताओं की यह विशेषता होती है कि व्यक्ति को अपना तथा अपने परिवार का भरण–पोषण करने के लिए नियोक्ताओं द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाये। इस परिभाषा के अनुसार सरकारी नीति में कई सुरक्षात्मक कार्य सम्मिलित होने चाहिए। ऐसी सभी योजनाओं को सामाजिक सुरक्षा में लिया जाना चाहिए जो कर्मचारी को बीमारी के समय आश्वस्त कर सके अथवा जब श्रमिक कमाने योग्य न हो तो उस लामान्वित कर सकें तथा उसे पुनः कार्य पर लगाने में सहायक हों। यह सभी कार्य राजस्थान में गहलोत सरकार अपनी योजनाओं के माध्यम से आमजन को दे रही हैं।

स्वास्थ्य के लिए चिरंजीवी योजना जिसमें 25 लाख रूपए तक का ईलाज बिलकुल निःशुल्क दिया जा रहा है वो भी प्राइवेट हॉस्पीटलों के द्वारा।

शिक्षा के लिए बच्चों को अंग्रेजी माध्यम शिक्षा दिलाने के लिए महात्मागांधी विद्यालयों के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं साथ ही बच्चों के लिए पोष्टिक आहार की व्यवस्था भी की गई है।

भोजन के लिए इंदिरा रसोई के माध्यम से सभी के लिए जगह–जगह 8 रूपए में पोष्टिक और भरपेट भोजन की व्यवस्था की गई है। साथ ही अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के अन्तर्गत सभी राशन धारकों को निःशुल्क गेहूं का वितरण किया जा रहा है।

उज्जवला योजना में सभी गैस धारकों को 500 रूपए में गैस दी जा रही है। किसानों को प्रतिमाह 2000 यूनिट बिजली फ्री आमजन को 100 यूनिट फ्री बिजली दी जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति का चिरंजीवी दुर्घटना बीमा 10लाख रूपए का किया गया है। कामधेनु पशु बीमा योजना में पशुपालकों को 40 हजार रूपए प्रति पशु का बीमा दो पशुओं के लिए किया जा रहा है।

विकलांग, मुकबधिर, विधवा, वृद्धजन आदि के लिए पेंशन योजना के माध्यम से उन्हें संबल दिया गया है। समान पेंशन 1000 रूपए की गई जो वृद्धजनों के लिए सौगात से कम नहीं हैं।

साथ ही राजस्थान प्रदेश सबसे अनूठी योजना जिसमें सभी युवाओ को रोजगार गारंटी प्रदान की गई है चाहे वह शहरी क्षेत्र का हो फिर ग्रामीण क्षेत्र का हर युवा को 125 दिन का रोजगार मिलेगा।

सामाजिक सुरक्षा से, हमारा मतलब है कि यह व्यक्ति को जीवन में कुछ जोखिमों और आकस्मिक घटनाओं के बोझ से बचाता है। जो भार स्वयं वहन करने में असमर्थ हैं, उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजना के माध्यम से वहन किया जा सकता है। नुकसान की सीमा एक तरह से समाज के कई लोगों में विभाजित है। सामान्य तौर पर, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों में निजी स्तर पर किए गए सुरक्षा कार्य शामिल नहीं होते हैं। इसमें सामाजिक नीति व सरकारी नीति में कई सुरक्षात्मक कार्य शामिल होने चाहिए। ऐसी सभी योजनाओं को सामाजिक सुरक्षा के तहत लिया जाना चाहिए। जो बीमारी के समय कर्मचारी को आश्वस्त कर सकती है या श्रमिक को लामान्वित कर सकती है जब वह कमाने के लिए फिट नहीं है और उसे फिर से रोजगार देने में मदद करता है। इन सबके लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूरे प्रदेश को पहले स्थान पर लाने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। वर्तमान में राजस्थान दूसरे स्थान पर है। सामाजिक सुरक्षा के लिए रोजगार गारंटी, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, पेंशन योजना, अन्नपूर्णा फ्री राशन योजना, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों से शिक्षा जैसी योजनाओं से निर्धारित की जा सकती है। सामाजिक सुरक्षा आमजन का सम्मान है। जो उन्हें मिलता है तो यह सरकार की उपलब्धि है। एक बार पुनः आप सभी को बहुत बहुत शुभकामनाएं। **जयहिन्द**

मंत्री ने किया एमआर होम और छात्रावासों का शिलान्यास व लोकार्पण

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीका राम जूली ने किया जामडोली, गोनेर में छात्रावासों का शिलान्यास

परिष्कार पत्रिका जयपुर। टीकाराम जूली सामाजिक न्याय एवंअधिकारिता मंत्री द्वारा सामाजिक न्याय संकुल जामडोली में राजकीय देवनारायण बालिका महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास एवं राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास गोनेर जयपुर का लोकार्पण एवं मानसिक विमंदित महिला विंग, मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह पुरुष एवं महिला तथा ईडब्ल्यूएस छात्रावास का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही राज्य में 548 छात्रावासों का रसोई के आधुनिक. 'किरण का वर्चुअल लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पहल करते हुए छात्रावासों के नवीनीकरण के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है जिससे विभागीय छात्रावासों की मैस व्यवस्था का आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ीकरण के तहत एलईडी टीवीए कम्प्यूटर मय प्रिंटर, स्टील रैक, डीप फ्रिजर, रेफ्रिजरेटर, किचन गीजर, मिक्सर ग्राइंडर, डायनिंग टेबल सेट, गैस चूल्हा/भट्टी एवं बर्तन आरओ आदि सम्मिलित है।

इस अवसर पर जूली द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने जामडोली परिसर स्थित किए जा रहे विभिन विकास कार्यो का अवलोकन किया और बच्चों को पौध भी भेंट की।

बच्चों के साथ खाया खाना : टीकाराम जूली ने शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात नवनिर्मित छात्रावास के बच्चों के साथ खाना खाया और उन्हें खाना परोसा भी। उन्होंने बच्चों के साथ सेल्फी भी खींची।

मानसिक एवं विमंदित गृह के बच्चों के बैंड वादन का लिया आनंद : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने जामडोली स्थित मानसिक एवं विमंदित गृह के बच्चों द्वारा बैंड वादन का भी आनंद लिया उन्होंने बच्चों से गाने सुने और उनको सराहा। इस अवसर पर डॉ समित शर्मा शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिताए प्रहलाद सहाय नागाए अतिरिक्त निदेशक छात्रवृत्ति एवं छात्रावास, रीना शर्मा अतिरिक्त निदेशक पिछड़ी जाति, विभिन्न विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बच्चे उपस्थित रहे।

आवासन मंडल ने बेहतर पैरवी से पाया 65 करोड़ की भूमि का स्वामित्व

दो दशक से भी अधिक पुराने मामले में मंडल को मिला 6350 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल ने उच्च न्यायालय में बेहतर पैरवी कर दो दशक से भी पुराने चल रहे मामले में जीत हासिल की लगभग 65 करोड़ राशि की 6350 वर्ग मीटर बेशकीमती भूमि का स्वामित्व हासिल कर लिया है। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मण्डल की सम्पत्ति आवंटन समिति ने वर्ष 2001 में महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान को मानसरोवर आवासीय योजना जयपुर के सैक्टर–5 में सामुदायिक विकास केन्द्र के निर्माण के लिए 6350 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की। संस्था को भूमि के आवंटन पत्र प्राप्त करने के लिए 50 लाख 60 हजार 633 रुपए की राशि तीन माह में जमा करवानी थी। संस्था द्वारा बार बार नोटिस देने के बावजूद राशि जमा नहीं कराई गई। अरोड़ा ने बताया कि आवंटन राशि जमा नहीं करवाने पर वर्ष 2004 में संस्था को आवंटित भूमि का आवंटन निरस्त कर जमा 2 प्रतिशत राशि जब्त कर ली गई। इस पर संस्था ने मण्डल के विरूद्ध राजस्थान उच्च न्यायालय में याचिका दायर की और 2007 में स्थगन ले लिया। मंडल द्वारा बेहतर पैरवी करने पर उक्त अपील में उच्च न्यायालय द्वारा 11 जुलाई को 2023 को निर्णय पारित कर अपील खारिज कर दी गई, जिससे मण्डल की भूमि से स्थगन आदेश हट गया और लगभग 6350 हजार वर्ग मीटर भूमि (लागत लगभग 65 करोड) मण्डल के स्वामित्व में आ गई।

अरोड़ा ने कहा कि वर्षो पुराने ऐसे कई विवादास्पद मामलों में मंडल की टीम योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। मंडल की भूमि पर किसी भी स्तर पर अनुचित कब्जा, अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।

मनोचिकित्सा में सेवानिवृत विभागाध्यक्ष एवं अधीक्षक डॉ आर के सोलंकी का निधन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मालवीय नगर निवासी डॉ आर के सोलंकी सेवानिवृत विभागाध्यक्ष एवं अधीक्षक का 15 जुलाई 2023 को असामयिक निधन हो गया। वे एक कर्मशील और सामाजिक सोच के व्यक्तित्व के धनी थे। उनका सदैव सामाजिक संस्थाओं को सहयोग के साथ अपना अमूल्य समय भी दिया। जिससे समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने दृढ निश्चय के साथ साधारण परिवार में रहते हुए अपने और अपने परिवार को सक्षम बनाया। मनोचिकित्सा में उनका नाम अग्रणी है। मनोचिकित्सा के क्षेत्र में वे प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष और अधीक्षक बने। परि कार पत्रिका से उनका लगाव शुरू से ही रहा। समय–समय पर उन्होंने अपने अचीवमेंट इसमें प्रकाशित करवाए। उनके कई शोधपत्र और लेख विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए।

अभी हाल ही मार्च में उन्हें इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नियारक मनोरोग विशेष्ता अनुभाग में एडवाईजर नियुक्त किया गया था। वे सदैव समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत रहे और आगे भी बने रहेंगे।

उनके निधन से समूचे समाज में गहरा शोक है। उनके पीछे उनकी पत्नी डॉ रंजना सोलंकी, पुत्र, पुत्री, दामाद, दोयती सहित भरा पूरा परिवार छोडकर गए हैं। **परिष्कार पत्रिका परिवार की तरफ से निदेशक श्रवण सिंह किरार और सम्पादक रविसिंह किरार ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित की।**

फादर जोसफ कलारकल बने जयपुर के बिशप

परिष्कार पत्रिका जयपुर। एकत्रित हुए। धर्माध्यक्षीय सम्नन्य की उपस्थित में मुख्य अतिथि मुंबई के ओसवाल्ड कार्डिनल ग्रसिअस, प्रधान अभीशेककर्ता और सह अभीशेककर्ता में राय राफे मंजयले आगरा के रिशभ, और राय ओसवल्ड लुईस जयपुर से सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

फादर राय मोसिजो जोसफ कलारकल जयपुर के रिशभ चुने गए।

कैथोलिक के सभी धार्मिक पादरियों और सामान्य जन की उपस्थिति में रॉय ओसवाल्ड लुईस को जयपुर का रिशभ चुना गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कैथोलिक समुदाय के लोग और फादर सिस्टर मालवीय नगर में स्थित सेंट एसलम स्कूल प्रांगण में जोधपुर, अनुब्रता शंकर दास, निदेशक डाक सेवाए मुख्यालय की उपस्थिति में किया गया। इसके पश्चात राजपैक्स–2023 का लोगो, पोस्टर एवं वेबसाइट आम जन के लिए उपलब्ध रहेगी।

राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी राजपैक्स–2023 के लोगो, पोस्टर और वेबसाइट की लॉचिंग

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान डाक परिमंडल द्वारा आगामी राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी "राजपैक्स–2023" के लिए लोगो, पोस्टर और वेबसाइट के लॉन्चिंग समारोह का आयोजन 14 जुलाई 2023 को राजस्थान कृषि अनुसंधान केंद्र के कृषि प्रौद्योगिकी ज्ञान सभागार, दुर्गापुरा जयपुर में किया गया।

इस समारोह का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच डाक टिकट संग्रह के शौक को बढ़ावा देने के लिए 25 से 27 सितंबर 2023 के दौरान आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी का प्रचार प्रसार और उसके आयोजन से परिचित कराना था। डाक टिकट प्रदर्शनी डाक टिकट संग्रहकर्ताओं को अपना बहुमूल्य संग्रह प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती है साथ ही डाक टिकिट संग्रह की रूचि को बढ़ावा देती है। समारोह में लोगो, पोस्टर एवं वेबसाइट का ऑनलाइन विमोचन मंजू कुमार मुख्य पोस्टमास्टर जनरल राजस्थान परिमंडल द्वारा विशिष्ट अतिथि गायत्री, राठौर, महा निदेशक जवाहर कला केंद्र जयपुर, सचिन किशोर, पोस्टमास्टर जनरल राजस्थान पश्चिमी क्षेत्र

जोन 9 में अवैध निर्माण करने पर व्यावसायिक भवनको किया ध्वस्त

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन–09 में अनुमोदित योजना रघुनाथपुरी प्रथम के भूखण्ड संख्या–23,24 दो भूखण्डों को अवैध रूप से संयुक्त कर जविप्रा की बिना स्वीकृति –अनुमोदन के जीरो सेटबैक पर बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन अवैध निर्माण की प्रारंभिक स्तर पर ही नियमानुसार ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन–09 के क्षेत्राधिकार में श्योपुर रोड़ पर अवस्थित अनुमोदित योजना रघुनाथपुरी प्रथम के भूखण्ड संख्या–23 व 24 अवैध रूप से दो भूखण्डों को मिलाकर क्षेत्रफल करीब 400 वर्गगज में जविप्रा की बिना स्वीकृति–अनुमोदन के जीरों सेटबैक पर चारोंतरफ बिल्डिंग बॉयलाज का गंभीर उल्लंघन कर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन अवैध निर्माण की नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। उक्त गंभीर प्रकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन लगभग 60–60 फीट में बेसमेंट खोदकर दीवारें, पिल्लर्स का अवैध निर्माण करने पर भूस्वामी को 18.07.2023 को धारा 32,33 जविप्रा अधिनियम 1982 के तहत नोटिस जारी किया जाकर अवैध निर्माण रूकवाया जाकर उक्त अवैध निर्माण को हटा लेने हेतु पाबंद किया गया था। जिसका जवाब अप्राप्त है। अवैध निर्माण के संबंध में प्रवर्तन शाखा की तकनीकी व राजस्व टीम से परीक्षण करवाया गया। अवैध निर्माण नहीं हटाने पर विधिक प्रक्रिया अपनाकर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर 19.07.2023 को जोन–09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉक की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से पूर्ण ध्वस्तीकरण करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन–09, 10, 04 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्तो, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी टीम की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

कैथलीनों आई फाउंडेशन ने किया मदर्स सरवाईवल किट का वितरण



परिष्कार पत्रिका जयपुर। केथलीनो आई फाउंडेशन और एयू फाइनेंस बैंक के संयुक्त तत्वावधान में गरीब परिवारों को राशन सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आई फाउंडेशन के अध्यक्ष माइकल कैथलीनो ने बताया कि कोरोना काल आने पर शुरू किया यह कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से नियमित रूप से हर माह की 15 तारिख को किया जाता है। इसमें 19 परिवारों को सूखी राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों ने जरूरतमंद 29 परिवारों को सूखी राशन सामग्री वितरित की। फाउंडेशन के माईकल केथेलिनो, गलेरिया सहित पूरी टीम एवं रवि सिंह किरार उपस्थित थे।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश, खबर भेजें या मेल करें

संपादक, परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796
9351311820
parishkarpatrika@gmail.com

राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त
प्रकाश विद्या निकेतन सी.सै. स्कूल
संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

सिद्धार्थ सिंह चौहान
194, शांति नगर, एनबीसी रोड़, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

सैंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

नोयल डिसिल्वा
सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान

LEARNING STEP SCHOOL
Mr. Abhishek Gupta
Director
SEESION 2023-2024
On Ajmer Highway Road
Book Your Seat Now For CBSE School

PG to XII (CBSE AFFILIATED) Special Features :
Big Ground, Agriculture Garden, Staff Quarters, Students Hostel, Assembly Hall, Projector Room, Labs (Science/Maths/Computer)

नवीनीकृत आईसीडी का भीलवाड़ा में उद्योग मंत्री ने किया पुर्नसंचालन

हरी झंडी दिखा कर कंटेनर्स को किया रवाना

परि कार पत्रिका। भीलवाड़ा क्षेत्र के उद्योगों को बढ़ावा देने एवं पोर्ट तक कन्टेनर लॉजिस्टिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार के उपक्रम 'राजस्थान लघु उद्योग निगम' द्वारा भीलवाड़ा में इनलैण्ड कंटेनर डिपो (आईसीडी) का नवीनीकरण एवं पुनर्संचालन समारोह आयोजित किया गया। भीलवाड़ा के आजाद नगर में समारोह के मुख्य अतिथि, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत और विशिष्ट अतिथि, राजस्व मंत्री रामलाल जाट और राजसिको एवं आरईपीसी के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने हरी झंडी दिखा कर कंटेनर्स रवाना किये।

उद्योग मंत्री ने भीलवाड़ा क्षेत्र के निर्यातकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य के निर्यात

व्यापार को बढाने के लिए सतत प्रयास किये जा रहे हैं। 'मिशन निर्यातक बनो' के अन्तर्गत निर्यातकों को विदेशों में निर्यात के लिए पोर्ट तक परिवहनसुविधा उपलब्ध कराने के लिए राजसिको के माध्यम से ड्राई पोर्ट की स्थापना की गई है। औद्योगिक नगरी भीलवाडा के औद्योगिक संगठनों की मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने यहां आईसीडी के पुनर्सचालन का निर्णय लिया है। रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय बजट 2022–23 में 95 करोड़ रूपयों की लागत से जोधपुर आईसीडी के विस्ताराकरण हेतु घोषणा की है। जोधपुर के सालावास रेल्वे स्टेशन के समीप 18.6559 हैक्टेयर एरिया में रेल लिंक वाले नवीन एवं आधुनिक इनलैण्ड कन्टेनर डिपो की स्थापना की जा रही है। राजस्व मंत्री ने सर्वप्रथम काफी दिनों से बंद पड़े आईसीडी के नवीनीकरण एवं पुनर्सचालन के लिए राजीव अरोड़ा को बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि यह आईसीडी भीलवाड़ा के उद्योगपतियों के लिए एक सौगात है। आधुनिक तरीके से बने इस आईसीडी को आरम्भ कर राज्य सरकार ने उद्योगपतियों की समस्याओं का निवारण किया है।

अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी राज्य की प्रगति में औद्योगिक विकास सबसे महत्वपूर्ण घटक होते हैं। औद्योगिक ईकाईयों द्वारा तैयार उत्पादों का विपणन देश के अन्य राज्यों के साथ–साथ वैश्विक स्तर पर किए जाने से प्रगति सुनिश्चित होती है। वर्ष 2010 से बंद आईसीडी भीलवाडा के पुनर्सचालन हेतु राजसिको द्वारा विगत तीन वर्षों से नवीनीकरण का प्रयास किया जा रहा था। इस आईसीडी से प्रारंभ में प्रतिमाह 300 से 400 कन्टेनर के निर्यात व्यापार की संभावना है, जिसके अतिशीघ्र आगामी 3 माह में 500 कन्टेनर तक होने की संभावना है। इसके संचालन से भीलवाडा टैक्सटाइल, पत्थर एवं खनिज तथा अन्य निर्यातमुखी औद्योगिक ईकाईयों को लॉजिस्टीक सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और भीलवाडा के साथ–साथ माण्डलगढ़, विजयनगर, गुलाबपुरा, शाहपुरा, बूंदी, चित्तौडगढ क्षेत्र के निर्यातकों को भी विशेष लाभ प्राप्त होगा।

स्वायत्त शासन विभाग में शासन सचिव ने किया पदभार ग्रहण

परिष्कार पत्रिका जयपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी कैलाशचन्द मीणा ने स्वायत शासन विभाग के शासन सचिव पद का पदभार स्वायत्त शासन भवन में उनके कार्यालय में ग्रहण किया। इस अवसर पर स्वायत्त शासन विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।स्वायत्त शासन सचिव कैलाशमीणा भारतीय प्रशासनिकसेवा के अधिकारी है। पूर्व में उन्होनें संभागीय आयुक्त जोधपुर, शासन सचिव गह विभाग, संभागीय आयुक्त कोटा, विशिष्ट सचिव ग्रामीण विकास विभाग, विशिष्ट सचिव जन स्वास्थ्य, व अभियांत्रिकी विभाग, निदेशक राष्टीय माध्यमिक शि(ा अभियान, वं जिला कलेक्टर जैसलमेर जैसे अनेंको वरिष्ठ पदों पर कार्य कर चुके है।

खरीदारों और विक्रेताओं के बीच 2 दिनों में 7000 से अधिक पूर्व संरचित बी 2 बी बैठकें

प्रतिभागियों के बीच आरबीटीएम 2023 का उत्साहपूर्ण समापन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट के तीसरे संस्करण का प्रतिभागियों के बीच उत्साहपूर्ण समापन हुआ। मेगा ट्रैवल मार्ट में मिली प्रतिक्रिया से खरीदार (डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स) और विक्रेता (टूरिज्म प्रोडक्ट्स के ओनर) दोनों ही प्रसन्न दिखे। मार्ट में 2 दिनों के दौरान, राजस्थान के 200 से अधिक प्रदर्शकों और देश भर के 200 से अधिक डोमेस्टिक टूर ऑपरेटरों के बीच 7000 से अधिक पूर्व–संरचित बी2बी बैठकें हुई। बैठकों के अति. रिक्त, सस्टेनेबिलिटी इन टूरिज्म, इनोवेटिव ऑफरिंग्स – न्यू प्रोडक्ट इन टूरिज्म, सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट इन हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म, वाईल्डलाईफ टूरिज्म आदि विषयों पर कई नॉलेज सेशंस भी आयोजित हुए। आरडीटीएम का आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा किया गया था। इस वर्ष मार्ट की थीम सस्टेनेबल टूरिज्म थी। मार्ट का उद्देश्य संसाधनों की रक्षा और पोषण करते हुए और उन्हें नकारात्मक प्रभावों से बचाते हुए राज्य में पर्यटन प्रवाह को बढ़ाना था।

सस्टेनेबिलिटी इन टूरिज्म पर नॉलेज सेशन: सस्टेनेबिलिटी इन टूरिज्म पर नॉलेज सेशन में प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन, गायत्री राठौड़ आईएएस, नवीन महाजन एफएचटीआर प्रेसिडेंट, अपूर्व कुमार और एफएचटीआर, संरक्षक, डॉ. ललित के पंवार ने आतिथ्य और पर्यटन उद्योग को सस्टेनेबल बनाने पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। राठौड़ ने कहा कि जीडीपी और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के भीतर सस्टेनेबल प्रैक्टेसिस को अपनाने और आजीविका को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया, रूरल टूरिज्म पॉलिसी इस दिशा में एक उल्लेखनीय कदम के रूप में काम कर रही है। राठौड़ ने इन्टेंजिबल हेरिटेज को पुनर्जीवित करने और जीवित कलाओं को संरक्षित करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। डॉ.पंवार ने टूरिज्म इन राजस्थान पर चर्चा करते हुए इसे एक वास्तविक उद्योग (डि फैक्टो इन्डस्ट्री) बताया और पर्यटन क्षेत्र की री–इंमेजिन और री–इन्वेंट करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा प्रत्येक गंतव्य की पर्यावरण और सांस्कृतिक वहन क्षमता का आकलन करके ही निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाना चाहिए। नवीन महाजन ने व्यापक सामाजिक परिवर्तन को सरल बनाने के लिए जीवनशैली में जागरूक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। महाजन ने होटलों के लिए ग्रीनको रेटिंग के महत्व और इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) की भूमिका पर भी चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतिथ्य उद्योग में सस्टेनेबिलिटी और रिस्पॉन्सिबल प्रैक्टेसिस को बढावा देने के लिए होटलों में ग्रीनको रेटिंग लागू करना महत्वपूर्ण है। ये रेटिंग होटलों के पर्यावरणीय प्रदर्शन का

आकलन करने के लिए एक विश्वसनीय बेंचमार्क के रूप में काम करती हैं, जो उन्हें पर्यावरण–अनुकूल उपायों को अपनाने और उनके इकोलॉजिकल फुटप्रिंट्स को कम करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

पब्लिकेशन रीगल राजस्थान का विमोचन

मार्ट के दौरान एक पब्लिकेशन रीगल राजस्थान – सस्टेनेबिलिटी एम्पावरिंग द फ्यूचर भी जारी किया गया। यह राजस्थान के आकर्षणों जैसे बावड़ियों, किलों, महलों, हवेलियों आदि, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं, राजस्थान के व्यंजनों और अन्य दिलचस्प विषयों पर प्रकाश डालता है। अन्य नॉलेज शेयरिंग सेशंस सेशन इनोवेटिव ऑफरिंग्स – न्यू प्रोडक्ट इन टूरिज्मश में, एफएचटीआर के संरक्षक, डॉ. ललित के पंवार ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे राजस्थान का पर्यटन केवल 5 स्टार होटलों या रिसॉर्ट्स तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हमारे गांवों में भी अनुभव करने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने प्रशासन से आर्ट और शिल्पकारों के लिए सामाजिक सुरक्षा की अपील की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ईको–फ्रैंडली इनोवेशंस पर भी प्रकाश डाला। अमिताभ भट्टाचार्य ने राजस्थान में पर्यटन के निर्माण में समुदाय की भागीदारी पर प्रकाश डाला।

राज्य की कला एवं संस्कृति संबंधित स्टॉल्स: राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट के तहत राज्य के कुछ कारीगरों व कलाकारों को अपना हुनर प्रदर्शित करने का अवसर भी दिया गया है। मार्ट में रजिस्ट्रेशन काउंटर के निकट स्थान पर जहां शिल्पकारों ने अपनी कला को प्रदर्शित किया, वहीं प्रथम तल पर कुछ संस्थानों के स्टॉल्स भी लगाए गए। जोधपुर के दरी बुनकर नेमाराम प्रजापत की ओर से यहां पंजा दरी बनाने की अपनी पुश्तेनी कला का लाइव डेमॉंस्ट्रेशन दिया गया। उन्होंने पंजे के जरिए कॉटन की दरी बनाने की प्रक्रिया को समझाया। संस्थान की ओर से हस्तनिर्मित लकड़ी के उत्पाद, पेन होल्डर, डायरी प्रदर्शित किए, जो पूरी जरह वेस्ट मैटेरियल्स से बने हुए हैं। पटोदी, बाड़मेर के महेंद्र कुमार द्वारा डिस्प्ले किए गए हैंडमेड लेदर प्रोडक्ट्स भी विजिटर्स के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। इनकी ओर से पर्स, बैल्ट, मोजड़ी सहित कई उत्पादों को विजिटर्स ने न सिर्फ देखा, बल्कि इन्हें खरीदने में भी पीछे नहीं रहे। प्रथम तल पर कुछ संस्थानों को स्टॉल्स के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया।

झुग्गी बस्ती के बच्चों के लिए संचालित अपनी बाल संस्कार पाठशाला का नया सत्र शुरू

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजधानी के मारोड़ा इलाके में लोहामंडी रोड स्थित झुग्गी बस्ती के बच्चों के लिए उत्थान सेवा संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क अपनी बाल संस्कार पाठशाला के नये सत्र का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर संस्थान एवं पतंजलि किसान सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुबह 6 बजे कुलभूषण बैरावी के सानिध्य में योगाभ्यास और गोपाल पारीक, मनोज पारीक व महेंद्र भौमिया के सानिध्य में यज्ञ करवाया गया। वहीं 107 बच्चों व उनके अभिभावकों और अतिथियों ने योगाभ्यास कर यज्ञ में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

इस पाठशाला के नये सत्र के लिए छात्र-छात्राओं को बैगए गणवेश एवं पाठ्य सामग्री वितरित की गई। उत्थान सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष कैप्टन भीशराम चौधरी ने संस्थान द्वारा किए जा रहे स्वास्थ, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा पर किए जा रहे प्रयासों से सभी को अवगत कराया। पाठशाला के नव सत्र शुभारंभ के अवसर पर उद्योगपति कैलाशचंद शर्मा, पर्यावरण प्रेमी राजकुमार टिबरेवाल, नरेंद्र व्यास, कर्नल जगदीशचंद्र, डायटर महावीर सिंह बलवदा, सुल्तान सिंह कुमावत, शीतल जैन, सियाराम शर्मा, सत्यबीर सिंह रोहा, महेश सारस्वत, जगदीश प्रजापत, गिरिराज प्रजापत, सुबेदार लाखन सिंह चाहर, विनोद शर्मा, सतीश शर्मा, जलेश्वर सिंह, मनोज पंडित, कैप्टन मूलचंद मान, रमेशचंद्र शर्मा, राकेश माटोलिया, कमलेश गोयल, राम अवतार काबरा, मोहन चौधरी, तिरुपति शर्मा, ओम टेलर, सीताराम मामोड़िया, ओपी खंडेलवाल, मनोज टेलर, जोधाराम सेठी, राजेश पुरोहित, अशोक अग्रवाल, करण सिंह निर्वाण, प्रो देवकरण, डॉ मदनसिंह, हीरामणि पारीक, निर्मला

त्रिपाठी, गुलाब प्रजापत, सरला गुप्ता, नीलम खंडेलवाल, ऊषा मामोड़िया व सीता काबरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के सचिव शिवानंद त्रिपाठी ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: डाटका, डाबला, वावया। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: अटकाण, पचेरवाल, महलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: किशर, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: निर्वाण, मौर्या, वावया। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: सीलण, शर्रा, बगणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: डाबला, मोरवाल, सोलंक्री। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: डाबला, मोरवाल, सोलंक्री। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: डाबला, किशड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: फरण्ड, वावया, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय ग्रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। भोज: शर्रा, निर्वाण, सोलंक्री। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीकल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: वावया, लुगरिया, मावर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: किशड़, इन्दौरा, दैतण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: मावर, डाबला, महलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: लुगरिया, डाबला, निवाणं। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: मावर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

---

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: हनगवाल, मोरवाल, तुर्कीया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: किशर, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। भोज: निर्वाण, वावलिया, शर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

स्वराज भारत ने किया गौरवराज को राजस्थान गौरव श्री सम्मान से सम्मानित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर के विद्याधर नगर में स्थित परशुराम भवन प्रांगण में स्वराज भारत द्वारा राजस्थान प्रदेश के सामाजिक क्षेत्रों में कार्य कर रहे विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित करने हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में सामजिक कार्य करते हुए समाज को गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य महामंडलेश्वर बाल मुकुंदाचार्य हाथोज धाम एवं नरेंद्र महाराज किशनपोल, विष्णु दत्त महाराज तथा अन्य सामाजिक क्षेत्र के गणमान्य उपस्थित थे

सोशल इमुनैनिटी वर्क के अध्यक्ष गौरवराज जंडेल को कच्ची बस्ती के लोगों के लिए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने हेतु और प्रताप नगर सांगानेर जयपुर कच्ची बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए मार्गदर्शित करने और समर्थन करने के लिए सम्मानित किया गया।

महात्मा गांधी विद्यालय मानसरोवर में प्रतिभाओं का सम्मान

पौधारोपण, नव विद्यार्थियों का स्वागत एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। पौधारोपण के साथ नए बच्चों का वेलकम का कार्यक्रम एसके जैन ब्लड प्रोडक्शन की ओर से महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल इंग्लिश मीडियम मानसरोवर जयपुर वेस्ट में पौधारोपण का कार्यक्रम जिस के मुख्य अतिथि कविता सक्सेना अध्यक्ष पंख जागृति केंद्र ने दीप प्रज्वलन कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद नए बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। इसी कड़ी में आठवीं दसवीं बोर्ड में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 51 स्टूडेंट्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु चौधरी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम के दौरान फिल्म डायरेक्टर सुनील जैन कौन बनेगा जीनियस क्वीज कंटेस्ट जनरल नॉलेज प्रश्नोत्तरी बिकी गई जिसमें कक्षा 6 से 12वीं कक्षा तक के 300 छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें पूरे दस प्रश्न का सही जवाब देने पर पीयूष मौर्य को माला व दुपट्टा पहनाकर गोल्ड मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर समाजसेवी सीताराम स्वामी शत्रुंजय कुमार सिंह, विश्वजीत सिंह शेखावत, चेतराम मीणा लेक्चरर सीमा दुबे लेक्चुरा जितेंद्र कुमार ट्रेलर सेकंड ग्रेड आदि मौजूद थे।

पाराशर विद्यालय में अध्यापक व विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

परिष्कार पत्रिका जयपुर। पौधारोपण के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह काकार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरा अधिकार संस्थाकी ओर से पाराशर चिल्ड्रनपैराडाइज पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल पार्क व्यू कॉलोनी एनबीसी स्टाफ क्वार्टर के पीछे खातीपुरा पूरा रोड हसनपुरा जयपुर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय डायरेक्टर राम लाल पाराशर ने गुलमोहर का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की इसके बाद इस वर्ष दसवीं बोर्ड में 80प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 31 छात्र छात्राओं को मेरा अधिकार अध्यक्ष दीपक शर्मा के निर्देशन में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक सुनील जैन ने कहा की पौधों के कारण आज मनुष्य जीवित है यदि पेड़ पौधे नहीं होंगे तोमनुष्य का जीवन संभव नहीं है उन्होंने कहा कि आज जो पौधारोपण किया है वह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए अमूल्य उपहार होगा क्योंकि यह पेड़ पौधे बड़े होकर सदियों तक सभी को जीवन के रूपमें ऑक्सीजन देते रहेंगे। विद्यालय निद. शक रामलाल पाराशर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रों को रूचि क्षमता से दर्शन एवं योग्यता के आधार पर अपने पीछे एवं केरियर की चयन करना चाहिए कम अंक वाले छात्र भी सफल छात्रों से प्रेरणा ले सकते हैं डर के आगे जीत होती है। इस मौके पर शुगर सिंह प्रभु दयाल नवीन वर्मा, खुशबू वर्मा, मंजू बघेल, तनीषा पाराशर, कविता कंवर समस्त स्टाफ मौजूद थे।

व्यास सेवा संस्था ने पाठ्य सामग्री का वितरण किया

परिष्कार पत्रिका जयपुर। व्यास सेवा संस्थान एवं उत्कर्ष संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय महात्मा गांधी एनवीडी स्कूल सी स्कीम

जयपुर में करीब 500 बच्चों को उनके कोर्स के अनुसार पाठ्य सामग्री यथा कॉपियां पेन पेंसिल रूल रबड़ स्लेट आदि का वितरण किया गया वितरण कार्यक्रम में परमानंद पवार पूर्व अध्यक्ष खादी बोर्ड मंजू शर्मा उपाध्यक्ष राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड . मोतीचंद डागा. राजस्थान ब्राह्मण समाज जयपुर इकाई के अध्यक्ष गोविंद शर्मा जोहरी, स्थानीय पार्षद जितेंद्र श्रीमाली, मनोज पारीक, गोपाल पारीक, कमल शर्मा, कैलाश शर्मा, सुभाष चंद्र झा पूर्व धर्मपाल एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया संस्थान के सचिव नरेंद्र व्यास ने बताया कि संस्थान विगत 2015 से निरंतर राजकीय विद्यालयों मेंअध्ययनरत छात्र–छात्राओं को पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाता है विगत वर्ष 20000 बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। इसके अलावा संस्थान निशुल्क मेडिकल कैंप गायों को चारा भिक्षा उन्मूलन कार्य मंदिरों की सफाई आदि अनेक कार्य संस्थान करता है। कार्यक्रम में नशा मुक्ति का संदेश भी दिया गया विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कविता गर्ग ने स्कूल की कार्यक्रमों की जानकारी दी। अंत में संस्थान के अध्यक्ष कैलाश शर्मा राष्ट्रदूत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संच. ालन महेश भारद्वाज द्वारा किया।

सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण के प्रारूप पर कार्यशाला

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण के प्रारूप पर चर्चा कर राज्य स्तरीय नीति के लिए कार्यशाला का आयोजन।

महिला अधिकारिता निदेशालय द्वारा राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सेंटर फॉर साइंस एनवायरनमेंट, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान और यूएनएफपीए के सहयोग से वानिकी प्रशिक्षण संस्थान में सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण की राज्यस्तरीय नीति के ड्राफ्ट को अंतिम रूप दिये जाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास सचिव जीतेंद्र उपाध्याय ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों द्वारा प्रयुक्त सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित निस्तारण और सुझावों पर विभिन्न तरीकों और स्थितियों पर चर्चा करना है। इसी क्रम में सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण पर बने हुए प्रारूप पर चर्चा कर राज्य स्तरीय नीति बनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि आई एम शक्ति उड़ान योजना के तहत सैनेटरी नैपकिन के पर्यावरण अनुकूल निस्तारण करने हेतु कारगर उपाय खोजना एक चुनौती है जिसके समाधान के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग कार्य कर रहा है। आयुक्त महिला अधिकारिता रेणु जयपाल ने बताया कि सेनेटरी नैपकिन के सुरक्षित और वातावरण अनुकूल निस्तारण करने के उपायों पर मंथन करने के लिये विभाग विशेषज्ञों के साथ कार्यशालाओं का आयोजन करता है। उन्होने बताया कि इस कार्यशाला से पूर्व भी कई कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देष्य माहवारी स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन परियोजना के तहत सेनेटरी नैपकिन के वितरण और जागरूकता के घटक को मजबूत करना तथा सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण की राज्यस्तरीय नीति के ड्राफ्ट को अंतिम रूप दिये जाना है।

कार्यशाला में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता शशि गुप्ता और भानुप्रिया ने कहा कि सैनेटरी नैपकिन के सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल निस्तारण की राज्यस्तरीय नीति में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के दिशा निर्देशों की पालना की जाए।

उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से इस हेतु अलग से गाइडलाइन जारी की जाएगी।

ईमानदारी की मिसाल बनी जोधपुर महासभा की रेखा किराड़

परिष्कार पत्रिका। जोधपुर के अंदर महात्मा गांधी शांति और अहिंसा परीक्षण शिविर के अंदर हमारे समाज की रेखा किराड ने ईमानदारी का परिचय देते हुए किसी महिला की सोने की वस्तु खोई हुई वापस लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया। इस उपलक्ष में वहां पर मौजूद उपस्थित पदाधिकारियों ने रेखा किरार का हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का छायाचित्र और सूत की माला माला पहना कर सम्मान किया। इस उपलब्धि के लिए रेखा किरार को बहुत–बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

प्रतिनिधि मंडलन ने नेहा मीना को राष्ट्रपति से सम्मानित होने पर बधाई दी

परिष्कार पत्रिका। नेहा मीना को राष्ट्रपति द्वारा सम्मान करने पर रतन लाल निर्वाण ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी।

नवश्ते के डिजिटलाइजेशन, अभिलेखागार, के माडर्नईजेशन व लेंड रिकॉर्डस के क्षेत्र मे किऐ गए सरहनीय कार्यो के लिए भूमि प्लेटिनिम एवार्ड 68 जिलों को दिया गया। विज्ञान भवन नई दिल्ली में, आयोजित इस समारोह में नीमच की नेहा मीना को 16 जुलाई को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू द्वारा भूमि सम्मान अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

नीमच पधारने पर नेहा मीना का 20 जुलाई को रतनलाल निर्वाण, अध्यक्ष, अर्जुन सिह वर्मा स्वास्थ्य निरीक्षक रेलवे, जयप्रकाश लोधा मुख्य प्रशिक्षक ताइक्वांडो, विजय लाहोरी अल्कोलाइट फेक्ट्री नीमच के अध्यक्ष, अनुजाति के अध्यक्ष प्रेम चंद कलोसिया, रजाक भाई बामसेफ के प्रभारी इशा रायत ब्लैक बेल्ट नेशनल खिलाडी के संयुक्ततत्वाधान में गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया और शुभकामनाएं दी।

हाउसिंग बोर्ड के आवासों में लगेंगे डिजिटल डोर नम्बर

फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस सहित अन्य सुविधाएं सीधे पहुंचेगी घर के दरवाजे तक

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल ने इंडसइंड बैंक के सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रताप नगर स्थित मुख्यमंत्री शिक्षक एवं प्रहरी आवासीय योजना के तहत 500 फ्लैट्स में डिजिटल डोर नंबर (डीडीएन) लगाने की शुरुआत की है। क्यू आर कोड और यूनिक नंबर आधारित सेवा से जुड़ने के बाद आवासीय योजनाओं में ना केवल आवास या फ्लैट्स खोजना आसान होगा, साथ ही फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस जैसी सुविधाएं भी सीधे घर के दरवाजे तक आसानी से पहुंच सकेंगी। आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन पर हुई एक बैठक में आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को इंडसइंड बैंक के कंट्री हेड अंकित पारीक (सरकारी बैंकिंग समूह) और एजाज आदिल में क्यूआर कोड का सैंपल सौंपा। पवन अरोड़ा ने बताया कि डिजिटल डोर नंबर या क्यूआर कोड लगने के बाद रहवासियों को घर तलाशने में कोई दिक्कत नहीं होगी। पते के रूप में मिले क्यूआर कोड को मोबाइल फोन से स्कैन करते ही गूगल मैप की मदद से मकान की लोकेशन, उसकी तस्वीर सब कुछ मिल जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शिक्षक एवं प्रहरी योजना में इसकी शुरुआत की जा रही है। प्रयोग सफल होने पर अन्य योजनाओं को भी इस अत्याधुनिक सुविधा से जोड़ा जाएगा।

इस दौरान इंडसइंड बैंक से आए प्रतिनिधियों ने क्यूआर कोड तकनीक पर आधारित डिजिटल डोर नंबर के बारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में इस सुविधा के साथ डोर स्टेप सर्विस, इमरजेंसी सर्विस जैसे फायर ब्रिगेड, पुलिस, कार मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि भविष्य में नगर निगम इस योजना में सहभागिता करता है, तो निगम के टैक्स वसूली, नोटिस आदि का वितरण भी इसके माध्यम से हो सकता है। यही नहीं डोर स्टेप डिलीवरी और ऑनलाइन शॉपिंग में भी आमजन को इस सुविधा से लाभ मिलेगा। बैठक में मंडल सचिव अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, मुख्य अभियंता मनोजगुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सेंट सोल्जर विद्यालय में दस दिवसीय एनसीसी कैंम्प का आयोजन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय एनसीसी कैम्प का आयोजन किया गया। इससे पूर्व 20 जुलाई को विद्यालय में में लगने वाले 20 से 29 जुलाई 2023 तक 10 दिवसीय एनसीसी कैंप की विस्तृत जानकारी देने हेतु विद्यालय परिसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई। जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों से 22 स्कूल में 20 कॉलेजों के लगभग 570 छात्र–छात्राएं एनसीसी कैडेट्स भाग लेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जितेंद्र सिंह मलिक, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष (पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मंडल) सरदार अजयपाल सिंह एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष, सरदार जसवीर सिंह (पूर्व अध्यक्ष राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग) एवं विद्यालय प्राचार्या सोनल शर्मा ने अपने उद्बोधन में एनसीसी का महत्व बताया और 10 दिवसीय कार्यक्रम को विद्यालय परिसर के लिए गौरव का विषय बताकर आभार व्यक्त किया।

विद्यालय परिसर में एनसीसी कैंप में भाग लेने वाले सभी एनसीसी कैडेट्स का नामांकन संपन्न किया गया। 21 जुलाई 2023 को विद्यालय परिसर में एनसीसी कैंप के उद्घाटन समारोह के साथ 10 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। शिविर के दौरान प्रशिक्षणका समन्वय व संचालन प्रशिक्षण टीम द्वारा एनसीसी की भूमिका, उद्देश्य, आदर्श वाक्य संगठन, एनसीसी गीत, राष्ट्रगान और एनसीसी शपथ मैप रीडिंग, करंट अफेयर्स की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। 26 जुलाई को विद्यालय परिसर में कैडेटस व एनसीसी अधिकारियों द्वारा कारगिल विजय दिवस भी मनाया जायेगा। छात्रवृत्ति और पुरस्कार के साथ कैडेटों को प्रोत्साहित किया जाएगा। कैडेटों को पीजीएमई और सामाजिक कार्यो से अवगत कराया जाएगा।

भूमि आवंटित होते ही किराये के भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का होगा निर्माण

परिष्कार पत्रिका जयपुर।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने विधानसभा में बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण के लिए भारत सरकार से वर्ष 2017 से 2022 तक कोई अनुदान राशि प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से निःशुल्क भूमि आवंटन हो जाने पर विभाग द्वारा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किराये के भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों के विभागीय भवनों का निर्माण कर लिया जाएगा। जूली प्रश्नकाल में महिला एवं बाल विकास मंत्री की ओर से इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

इससे पहले विधायक मंजु देवी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 61 हजार 873 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं, जिनमें से 26 हजार 981 आंगनबाड़ी केन्द्र विभागीय भवनों (स्वयं के भवन) में, अन्य सरकारी भवनों में 2 हजार 475, सरकारी स्कूल भवनों में 19 हजार 643, सामुदायिक भवनों में 2 हजार 592 ,निजी निःशुल्क भवनों में 1 हजार 738, किराये के भवनों में 8 हजार 444 आंगनबाड़ी केन्द्र अन्यभवनों में संचालित है।

श्रद्धा सुमन

प्रथम पुण्य तिथि

: स्व. लालचंद खाण्डे :
स्वर्गवास : 25 जुलाई 2022

–: श्रद्धानवत :–

कमला देवी खुण्डिया (धर्मपत्नि), मगनचन्द–संतोष देवी, टेकचंद धानका–चंचल वर्मा, विक्रम खांडे–चारू (पुत्र–पुत्रवधु), प्रेम देवी–सुरेश डाबी, अंजु–मदनमोहन मावर, सुमित्रा–राजकुमार डाबी (पुत्री–दामाद), युग, दर्पण, जैनी, मयांश (पौत्र–पौत्री), बंशीलाल, नानूराम, जगदीश (भाई), रामबाबू, मनोहर, राधेश्याम, रामवतार, रामसिंह, प्रहलाद, नेमीचन्द, सोहन एवं समस्त खुण्डिया परिवार व गजराजकिरार, रामगोपाल वर्मा, किशनलाल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, श्रवणसिंह किरार, रमेश कायथ, गणेश किरार (परिजन)

प्लॉट नंबर 27 जयश्री नगर कॉलोनी रोड़ नंबर 14 सीकर रोड़ जयपुर –302013 मो. 9928319627

श्रद्धा सुमन

तृतीय पुण्य तिथि

: स्व. कुसुमलता :
स्वर्गवास : 17 जुलाई 2020

आज आप हमारे साथ नहीं हैं। पर आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेगी। आपके द्वारा दिए गए उच्च संस्कार शिक्षा एवं कर्म योग सदैव हमारे प्रेरणा स्रोत एवं मार्गदर्शन करते रहेंगे। आज हम सभी परिवार जन आपको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

–: श्रद्धानवत :–

केसरलाल पचेरवाल (पति), राजेश–सावित्री, महेंद्र– ममता, नरेंद्र–वंदना (पुत्र–पुत्रवधू) ममता (पुत्री) अभिषेक भविष्य आर्यन (पौत्र), तमन्ना, भूमिका, गीत, (पौत्रियां) एवं समस्त पचेरवाल परिवार।

विजयलक्ष्मी सी से स्कूल नटराजविहार भांकरोटा, जयपुर

राजीविका स्वयं सहायता समूहों उत्पादों की

मार्केटिंग– ब्रांडिंग के लिए विभिन्न एनजीओ के साथ अनुबंध

परिष्कार पत्रिका। राजीविका महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग अब कई एनजीओ के माध्यम से भी की जाएगी। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार की अध्यक्षता में इस सम्बन्ध में चार एनजीओ के साथ एक गैर वित्तीय अनुबंध किया गया है।

अनुबंध के अनुसार अब रणबंका बालाजी ट्रस्ट, इब्बदा, जन शिक्षा एवं विकास संगठन एवं मंजरी फाउण्डेशन राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग करेंगे। अनुबंध के अवसर पर निदेशक जलग्रहण एवं भूसंरक्षण रश्मि गुप्ता एवं परियोजना निदेशक प्रशासन हरदीप सिंह भी उपस्थित रहे।

हरियाली अमावस्या मेले की झलकियां...

कौशल्या बारूपाल स्मृति वन (हरा–भरा तालाब) केरिया नाडा, मीठड़ी में हरियाली अमावस्या के अवसर पर उदयकौशल फाउंडेशन द्वारा आयोजित

द्वितीय विशाल मेले में ग्रामीणों का उमड़ा जन सैलाब और देखने को मिली भारतीय संस्कृति की झलक

आओ धरा के श्रृंगार का उत्सव मनायें : बारूपाल

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मीठड़ी, उदयकौशल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा कौशल्या बारुपाल स्मृति वन (हरा–भरा तालाब) केरिया नाडा, मीठडी में सोमवती हरियाली अमावस्या के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गुरु सुमेर सिंह राठौड़ बलवंत व्यायामशाला जयपुर रहे, साथ में मेला आयोजन के मुख्य संरक्षक ठा. विरेंद्र सिंह राठौड़ अध्यक्ष विकास समिति मीठडी और डॉ. उदयचन्द बारुपाल, पूर्व जिला न्यायाधीश संस्थापक, राष्ट्रीय चेयरपरसन व प्रबंध न्यासी उदयकौशल फाउंडेशन ट्रस्ट की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि गुरु राठौड़ का सत्यसाहेब आश्रम से स्मृति वन तक वाहन रैली निकालकर स्वागत किया गया एवं पुष्प वर्षा की गई।

गुरु सुमेर सिंह राठौड़, पूर्व जिला न्यायाधीश डॉ. उदयचंद बारुपाल, विकास समिति अध्यक्ष डॉ. विरेंद्र सिंह राठौड व सरपंच कैला देवी बावरी ने मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया। मेले में आने वाले लोगों पर पुष्प वर्षा की गई। अतिथियों का उदयकौशल फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टीगण दुर्गादेवी, रुपल बारुपाल, गहना बारुपाल, किरण बारुपाल ने राखी तिलक लगाकर स्वागत किया। बलवंत व्यायामशाला जयपुर की टीम ने लाठी, मुगदर व्यायाम, चक्कर संचलन, बॉक्सिंग, पत्थर ब्रेकिंग, रिबन आदि व्यायाम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। विकास समिति अध्यक्ष ठा. विरेंद्र सिंह राठौड ने मेले के मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए स्मृति वन में अब तक हुए कार्य एवं भविष्य की कार्य योजना पर प्रकाश डाला। समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. डी. आर. माल्या ने सामाजिक सरोकारों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। गुरु सुमेर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेलों के आयोजन में भारतीय संस्कृति की झलक नजर आती है। डॉ. उदय चन्द बारुपाल पूर्व जिला न्यायाधीश ने समारोह में पधारे सभी अतिथियों, मेलार्थियों, कलाकारों, विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों, ग्रामीणों आदि का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हरियाली अमावस्या के महत्त्व पर प्रकाश डाला। डॉ. बारुपाल ने सोमवती हरियाली अमावस्या के मेले के अवसर पर आओ धरा के श्रृंगार का उत्सव मनायें का आहवान किया। मेले में विशेष प्रस्तुतियां देने वाले प्रतिभागियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेले में अतिथियों व ग्रामीणों ने कातवतियां नृत्य, मयई नृत्य, बरी नृत्य, राजस्थानी लोकगीतों, ट्रेन, जादूगर शो, विभिन्न झूलों, विशेषकर बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजन व खाने–पीने आदि का लुफ्त उठाया। मेले में मीठड़ी सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शंकर लाल मेहरानिया सेवा निवृत्त उपायुक्त वाणिज्यिक कर विभाग, नृत्य निदेशिका सारंगामा की अध्यक्ष अंजू नाग, इंद्रराजसिंह सेवानिवृत्त मुख्यप्रबंधक एस.बी.आई. हीरालाल बारुपाल सेवा. निवृत्त वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी, केरिया बालाजी महंत कृष्णबिहारी शरण महाराज, स्थानीय वार्ड पंच प्रेमचन्द योगी, मदनलाल पत्थर व्यवसायी परवतसर, गोपाल चौधरी, पत्रकार श्यासुन्दर प्रजापत ने भाग लिया, जिनका साफा एवं पुष्प मालाओं से स्वागत किया। मंचसंचालन बन्नाराम सेवानिवृत्त अध्यापक ने किया।

उदय कौशल फाउंडेशन ट्रस्ट का परिचय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। **पूर्व जिला न्यायाधीश डॉ. उदय चन्द बारुपाल ने 04 मई 2018 को उदयकौशल फाउण्डेशन ट्रस्ट की स्थापना की। यह ट्रस्ट राजस्थान सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1959 के अन्तर्गत पंजीकृत गैर सरकारी सामाजिक संस्था है। ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत है। ट्रस्ट में दान व सहयोग राशि पर धारा 80 आयकर अधिनियम, 1961 में आयकर में छूट है। स्व. कौशल्या बारुपाल इस ट्रस्ट की संस्थापक ट्रस्टी थीं, जिनका ट्रस्ट के गठन एवं कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण योगदान था। यह ट्रस्ट, सामाजिक सेवाएँ, शिक्षा, खेल–कूद, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, महिला सशक्तिकरण, साक्षरता एवं साहित्य प्रकाशन, जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान एवं अन्य समान उद्देश्यों तथा मानवता के लिए समर्पित है। ट्रस्ट अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा जाँच व स्वास्थ्य परामर्श के लिए शिविर, कानूनी जानकारी के लिए विधिक जागरुकता शिविर और ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को प्रोन्नत करने के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को नकद राशि एवं उत्कृष्टता प्रमाण–पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहा है। ग्रामीण छात्र–छात्राओं को अपना भविष्य संवारने के लिए कैरियर कॉउंसलिंग का कार्य करता है। ट्रस्ट लोकोपकार कार्यों के लिए समर्पित है।**

स्व. कौशल्या बारूपाल स्मृति वन एक अभिनव योजना

परिष्कार पत्रिका जयपुर। स्व. कौशल्या बारुपाल संस्थापक ट्रस्टी के पति डॉ. उदय चन्द बारुपाल, पूर्व जिला न्यायाधीश एवं संस्थापक राष्ट्रीय चेयरपरसन, उदयकौशल फाउण्डेशन ने अपने पैतृक गांव मीठड़ी, तहसील नावां, जिला नागौर में राज्य सरकार के हरा–भरा तालाब योजना के अन्तर्गत कौशल्या बारुपाल स्मृति वन (हरा–भरा तालाब) बनाने के लिए गोद लेकर वर्षा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 21 जून, 2021 को भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। ग्राम मीठड़ी से गुजरने वाले हाईवे पर केरिया नाडा तालाब को कौशल्या बारुपाल स्मृति वन (हरा–भरा तालाब) के रूप में संतुलित विकास ग्रामवासियों के लिए किया जा रहा है। कार्ययोजना के अनुसार इस स्मृति वन में सर्वप्रथम भूमि पूजन के दिन एल.एन.टी. मशीन द्वारा केचमेंट एरिया से बहार जाने वाले पानी की रोकथाम के लिए बड़ा डोला बनाकर व्यर्थ में बहने वाले पानी की रोकथाम कर मुख्य तालाब में जाने के लिए बदलाव का कार्य किया गया। तत्पश्चात् हाईवे की तरफ तालाब के डोले का ट्रेक्टर व जे.सी.पी. से समतलीकरण किया। जाकर विश्राम के लिए तीस जोधपुर के पत्थर की बेंचे लगवाई गई। सर्वप्रथम इस स्मृति वन में एक चन्दन का पेड़ लगाया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए समय–समय पर सघन पौधारा. पण कर करीब दो सौ पच्चास से अधिक बड़े पौधे लगाए गए। इसके अन्तर्गत अशोक तलखन, गुलमोहर, मोरछड़ी, बगानबेरिया, शीशम, नीम, कनेर, पीपल, बड़ व अन्य कई प्रकार के दो सौ पच्चास से अधिक पेड़ लगाए गए हैं, जो वर्तमान में फल–फूल रहे हैं। पौधे के संरक्षण और बचाव के लिए जोधपुर की पट्टियां लगाकर तारबंदी की गई है। बच्चों के लिए झूले लगाए गए हैं। स्मृति वन को आकर्षित करने के लिए संगमरमर का फवारा एवं आर्टिफिशियल झरना बनाया गया है। ग्रामीणों के घूमने के लिए ट्रेक बनाया गया है। स्मृति वन में विशेष रूप से जहाँ इसके मुख्य द्वार का निर्माण होना है, वहाँ पर दोनों तरफ पूजनीय कल्पवृक्ष का जोड़ा लगाया गया है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि संस्थापक अध्यक्ष उदयकौशल फाउण्डेशन डॉ. बारुपाल ने अपने पुत्र नरेन्द्र कुमार बारुपाल की स्मृति में जोधपुर के पत्थर की लगाई गई बेंचों पर लोहे के शैड का निर्माण करवाकर लोकार्पण किया गया है। यह शैड सभी के लिए बहुउपयोगी है। इस स्मृति वन में 28 जुलाई, 2022 को हरियाली अमावस्या पर प्रथम मेले का आयोजन किया गया था तथा 17 जुलाई 2023 को सोमवती अमावस्या के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। स्मृति वन के भावी योजनाओं में बड़ा परवेश द्वार, ऑपन जिम व तालाब में बोटिंग प्रारंभ करने के कार्य की योजना प्रस्तावित है, जिसका का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। इसी वर्षा ऋतु में सघन पौधारोपण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। जागरुक गांव की एक ही पहचान पेड़, पौधों, वर्षा जल संरक्षण को कोई हानि न हो। प्रत्येक ग्रामवासी तक यह सूनहरा संदेश पहुँचाना है कि जलवायु पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लें, संकल्प का कोई विकल्प न हूँढ़े।

प्रस्तावित योजना के पूर्ण होने पर सभी ग्रामवासी व आस–पास की जनता व यात्रियों को लाभ मिलेगा तथा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना भी प्रस्तावित हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने किया स्कूल ईएसी का अवलोकन

बधिर विद्यार्थियों ने मॉक पोलिंग के माध्यम से जागरूकता का दिया परिचय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग की वरिष्ठ सलाहकार साधना राउत एवं राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने जयपुर के राजकीय सेठ आनन्दीलाल पोद्दार बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, जेएलएन मार्ग एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नवीन विद्याधर नगर में संचालित निर्वाचक साक्षरता क्लब (ईएलसी) का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मॉक–पोलिंग एवं वोटर हेल्पलाईन एप की जानकारी के माध्यम से जागरूकता का परिचय दिया। उल्लेखनीय है कि राजकीय पोद्दार बधिर विद्यालय के विशेष प्रयासों से स्कूल में अध्ययनरत 17 आयु वर्ग के सभी 176 विद्यार्थियों के मतदाता पंजीकरण के लिए फार्म 6 के द्वारा अग्रिम आवेदन किए जा चुके है।

राउत ने विद्यार्थियों से संवाद किया एवं उनकी मतदान संबंधी जानकारी एवं ईएलसी की कार्यप्रणाली से प्रभावित होते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने ईएलसी से संबंधित गतिविधियों का नियमित रूप से संचालन के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कुल 73000 ईएलसी संचालित हैं, जिनमें सभी 17 आयुवर्ग के युवाओं ने फॉर्म 6 के माध्यम से मतदाता पंजीकरण के लिए अग्रिम आवेदन किए है तथा अब तक 1.5 लाख से अधिक नव मतदाताओं ने ईवीएम डेमो पर मॉक पोल में हिस्सा लिया है। वहीं 2 लाख 11 हजार एनएसएस, 50 हजार एनसीसी एवं 6 लाख सक्रिय स्काउट–गाइड को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए मतदान के दिन बूथों पर स्वेच्छा से काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

आईटीसी कार्यशाला में बताए अनैक वर्चुअल कार्यक्रमों के प्रयोग

परिष्कार पत्रिका जयपुर। लाडनूं जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के शिक्षा विभाग में आयोजित तीन दिवसीय सूचना संचार प्रोद्यौगिकी आधारित कार्यशाला में छात्राध्यापिकाओं को इंटरनेट गतिविधियों के संचालन, ईमेल बनाने, गूगल फार्म और उसके फंक्शंस, चौट जीपीटी अदि विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करने केसाथ उन्हें व्यावहारिक ज्ञान भी दिया गया। कार्यशाला में विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल जैन ने वर्तमान में आईसीटी आधारित ज्ञान की आवश्यकता बताते हुए कहा कि अब हर विद्यार्थी को आईसीटी का ज्ञान होना जरूरी हो गया है।

कार्यशाला में डॉ. अमिता जैन ने आईसीटी के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को ईमेल आईडी बनाने और उसका प्रयोग करने के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल करवाते हुए इसका अभ्यास भी करवाया गया। कार्यशाला में छात्राध्यापिकाओं को गूगल फॉर्म बनाने एवं उसके फंक्शन के बारे में जानकारी देते हुए प्रयोगविधि समझाई। इसके आलावा चौट जीपीटी से भी रूबरू करवाया गया और इसकी कार्यविधि की जानकारी तथा अनेक वर्चुअल प्रयोगों से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। इस कार्यशाला में शिक्षा विभाग की 50 छात्राध्यापिकाओं ने भाग लिया।

भारतीय मज़दूर संघ के 68 वें स्थापना दिवस पर पूरे राजस्थान में अनेक कार्यक्रम

भारतीय मजदूर संघ के पुराने ध्वज को बदल कर नया लगाया और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

परिष्कार पत्रिका जयपुर। भारतीय मजदूर संघ के 68 वे स्थापना दिवस पर पूरे राजस्थान में रक्तदान एवं पेड– पौधे लगाए गए। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पुराने ध्वज को बदल कर नया लगाया गया और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी क्रम में एल–20 कार्यक्रम जयपुर में जयपुर जिले के अध्यक्ष रणजीत सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में शुरुआत हुई, गजेंद्र सिंह संगठनमंत्री अखिल भारतीय किसान विशिष्ट अतिथि गजेंद्रसिंह ने बताया कि संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी एक महान संत थे। राष्ट्र कार्य एवं मजदूर है सर्वपरि मानते थे इसी को लेकर भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 1955 मेभोपाल में की थी। जयपुर के सासंद रामचरण बोहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता

पदाधिकारी सभी यूनियन एवं महासंघ से पधारे मुख्य वक्ता के रूप में मधुसूदन जोशी ने बताया की मजदूर क्षेत्र में बीएमएस आज पूरे विश्व का नेतृत्व करता है। सांसद रामचरण बोहरा ने पीएमएस के स्थापना दिवस पर बधाई दी और वर्तमान में राजस्थान सरकार की नीतियों का विरोध जताया। उन्होने बताया कि राजस्थान में आज महिलाएं सुरक्षित नहीं है युवा बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, लगातार पेपर आउट होरहे हैं एवं बच्चों महिलाओं के साथ दुष्कर्म की कोशिश के केस बहुत बढ़ गए हैं। इसी क्रम में रामचरण बो. हरा ने बताया की पुरानी पेंशन कर्मचारियों के लिए एक छलावा है और भरोसा बताया कि मजदूरों के हित की आवाज में सांसद होने के नाते संसद में रखेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीएमएस राजबिहारी शर्मा, भारतीय डाक कर्मचारी संघ से सहायक महासचिव विकास तिवारी, समस्त जिला कार्य समिति एवं विद्युत, पोस्टल, बैंक, बीएसएनएल, न्यायविभाग से वकील, एवं असंगठित और संगठित क्षेत्र के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गूर्जर ने झोटवाड़ा जोन का किया औचक निरीक्षण

स्वच्छता सर्वेक्षण एप डाउनलोड करने और फीडबैक देने की आमजन से की अपील

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने लगातार पांचवें दिन झोटवाड़ा जोन कि सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। डॉ. सौम्या ने झोटवाडा जोन का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इससे पूर्व महापौर सांगानेर, मानसरोवर, मालवीय नगर, जगतपुरा जोन का दौरा कर चुकी हैं।

डॉ. सौम्या ने झारखंड महोदय से औचक निरीक्षण प्रारम्भ किया इसके बाद वैशाली नगर ई–ब्लॉक, विद्युत नगर, वृंदावन विहार, अजमेरा गार्डन, महात्मा गांधी नगर, विद्युत नगर–सी, गिरनार कॉलोनी, राजेन्द्र नगर, हीरा नगर–ए, सत्य कॉलोनी, विद्युत नगर हीरापुरा योजनाओं में पैदल चलकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान वैशाली नगर–ई ब्लॉक के गार्डन में गंदगी मिलने पर त्वरित सफाई करवाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये साथ ही पुराने पड़ सीएनडी वेस्ट व कचरे के ढेर को देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए तुरन्त आवश्यक यूनिट लेकर सफाई करवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सिटी प्रोफाइल, फीडबैक व हूपर्स द्वारा डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के सम्बन्ध में शहरवासियों से फीडबैक लिया गया। निरीक्षण के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग लेने वालों के खिलाफ चालान किया गया तथा सब्जी बेचने वाले फूटकर व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग में ना लेने की समझाइश की गई। निरीक्षण के दौरान आम रास्ते पर हरा चारा बेचते हुए मिलने एवं चारे से गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर चारे को जब्त कर दोषी व्यक्तियों का चालान करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान सब्जी बेचने वाली महिला द्वारा कपड़े की थैलियों का उपयोग में लेता पाये जाने पर डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा बात की जाने पर इनके द्वारा क्षेत्र में सभी को सब्जी इन्ही थैलों में देने व वापस सब्जी लेने आते समय इन्ही को उपयोग में लेने हेतु बताये जाने पर डॉ. सौम्या गुर्जर ने इस कार्य की सराहना करते हुए प्लास्टिक थैलियों के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग में लेने के लिए इसके व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिये तथा सब्जी बेचने वाली महिला की सराहना की। दौरे के दौरान समितियों के चौयरमेन प्रवीण यादव, विनोद चौधरी, रामकिशोर प्रजापत, अभय पुरोहित, पार्षद कुमकुम शक्तावत, इन्द्रप्रकाश दाभाई, उपयुक्त स्वास्थ्य मुकेश कुमार मूंड सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आजाद व तिलक की जयंति मनाई

अमर रहे के नारों से गूंजा शहीद स्मारक

परिष्कार पत्रिका अजमेर। हिंद सेवा दल द्वारा भारत को आजादी दिलाने में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जयंती स्टेशन के सामने शहीद स्मारक पर मनाई गई।

हिंद सेवा दल के अध्यक्ष आरके महावर ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित जनों ने आजाद व तिलक की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। सभी ने भारत माता की जय एवं अमर रहे के नारे लगा कर क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

इस अवसर पर दिनेश शर्मा, कमल गंगवाल, अजय कछवाया, राजेंद्र गांधी, विजय जैन, दीपक शर्मा, गफ्फार अली, दक्ष कुमार महावर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

स्थापना दिवस पर बैंक ऑफ बडोदा ने ओमाश्रय को फ्रिज भेंट किया

परिष्कार पत्रिका जयपुर। स्थापना दिवस पर बैंक आफ बडोदा सर्विस प्रबंधन ने ओमाश्रय को फ्रिज भेंट कर नीम का पेड़ लगाया। जयपुर, अपने 116वें स्थापना दिवस पर बैंक आफ बडोदा सर्विस सी स्कीम ने निराश्रित जन सेवार्थ ओमाश्रय सेवाधाम बानपरस्थ आश्रम को तीन सौ आठ लीटर का फ्रिज भेंट किया। मैनेजर पवन जिंदल ने बताया कि इस अवसर पर ओमाश्रय संचालक यशपाल यश ने स्वस्ति यज्ञ में आहुतियां दिलवाई। संस्थान

सचिव डॉ प्रमोदपाल रंविकांत शर्मा एवं गायत्री शर्मा बैंक अधिकारी सुमन शर्मा कोषाध्यक्ष पवन आर्य बानपरस्थ आश्रम की माताजी सन्तोष नारायण शर्मा अशोक वंशल गंगापुर सिटी तोफिल अहमद देहली गड्डू जोगी मौजूद रहे। इस अवसर पर नीम का पेड़ भी लगाया।

25 जुलाई को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय लाभार्थी उत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा की इंदिरा गांधी गैस सिलिंडर सब्सिडी योजना लाभार्थियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है योजना के माध्यम से निम्न आयवर्ग के एलपीजी गैस कनेक्शन धारको को 500 रूपए में सिलेण्डर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मुख्य सचिव शासन सचिवालय में आयोजन गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना के राज्य स्तरीय लाभार्थी उत्सव की पूर्व तैयारियों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थी उत्सव के आयोजन के लिए

आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। खाद्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अमय कुमार ने बताया कि 25 जुलाई को इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना के तहत लाभार्थियों को अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी तथा राज्य स्तरीय आयोजन मुख्यमंत्री निवास पर एवं जिला स्तरीय लाभार्थी उत्सव का आयोजन सभी जिलामुख्यालयों एवं 16 नवघोषित जिलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाना है। उन्होंने बताया कि समारोह में इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना की राशि लाभार्थियों के खातों में स्थानांतरित की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागीयअधिकारी उपस्थितथे।

दवाओं से दूर व प्रकृति के पास रहने पर ही रोगों से मुक्ति संभव : प्रो दूगड़

लाडनूं में आयोजित तीन दिवसीय निसर्गोपचार शिविर में शिविरार्थियों को प्राकृतिक चिकित्सा प्रदान करते हुए।

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के तत्वावधान में यहां तीन दिवसीय आचार्य महाप्रज्ञ निसर्ग उपचार शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अहमदाबाद, चीन्नई, मुम्बई, उदयपुर, सूरत, बीकानेर आदि अलग–अलग स्थानों से 13 महिला–पुरूष शिविरार्थियों ने भाग लिया, जिनका निःशुल्क उपचार विभिन्न प्राकृतिक चिकित्सा प्रणालियों द्वारा किया गया। शिविर में कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ ने शिविरार्थियों को कुदरती उपायों से स्वास्थ्य लाभ की श्रेष्ठता बताई और कहा कि व्यक्ति जितना दवाओं से दूर और प्रकृति के पास अनुकूल रहेगा, उतना ही उसे

रोगों से मुक्ति और स्वास्थ का फायदा मिल पाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकृति से हमें हर बीमारी व विपरीत परिस्थिति से मुकाबला करने की शक्तियां प्रदान की है, केवल उनको उपयोग में लेने की विधि की जानकारी जरूरी है। प्रशिक्षक डा. प्रद्युम्न सिंह शेखावत ने शिविरार्थियों को निसर्ग उपचार की विभिन्न विधियों के बारे में बताते हुए कहा कि प्राकृतिक तरीके से शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए निसर्ग–पद्धति सबसे अधिक लाभदायक है। मरीजों को दिए गए विभिन्न उपचार शिविर के दौरान निसर्गोपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श के साथ मरीज का पोस्टर एससेसमेंट, बॉडी कम्पोजिशन एनालिसिस, नियमित समूह कक्षाओं, योग थेरेपी सेशन, विशेष स्वास्थ्य वार्ता, आहार चिकित्सा में थैरेप्यूटिक फूड तथा प्रेश हर्बल मेडिसिन का प्रयोग किया गया। इनमें मरीजों का बॉडी मसाज, स्टीम व सोना बाथ, मड पैक बाथ, सैंड फोर्मेशन, एक्यूपंक्चर, फेसियल व लोकल स्टीम, शिरोधारा, होट व कोल्ड कम्प्रेस एड पैक तथा ब्रोट, एब्डोमिन, आर्म, नी, लैग पैक, नेचुरल, होट एंड कोल्ड हिप बाथ, एनिमा, गंजी, टमरिक, नीम बाथ, जकुजी व सर्कुलर जेट हायड्रोथेरेपी, कटि स्नान, जानु स्नान, ग्रीवा बस्ति आदि की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई।

हैरिटेज निगम ने 5 अनाधिकृत भवनों को व्यावसायिक कार्य करने पर सीज किया

महापौर के निर्देश पर आयुक्त ने करवाई सीज की कार्रवाई

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम जयपुर हैरिटेज ने महापौर मुनेश गुर्जर के निर्देश पर आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने हवामहल आमेर जोन मे पांच भवनों मे अनाधिकृत रूप से मागांधिकार को नकानात में शामिल कर व्यावसायिक निर्माण कार्य करने पर सीज करवाने की कार्रवाई की। शेखावत ने बताया कि 1. राधेश्याम मीणा पुत्र सपूतराम मीणा, सर्वे संख्या 311/04 व 103, इन्द्रा वर्मा कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर 2.राधेश्याम मीणा पुत्र सपूतराम मीणा, सर्वे संख्या 2989/71 व 418, इन्द्रा वर्मा कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर 3. पवन कुमारचौहान, प्लॉट नं. 1201/99, बी–18, इन्द्रा वर्मा कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर 4. राधेश्याममीणा पुत्र सपूतराम मीणा, प्लॉट नं. ए–284 ए–286311/04, इन्द्रा वर्मा कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर 5. निशा कुमावत पत्नी अनिल कुमावत, प्लॉट नं. ए–261, इन्द्रा वर्मा कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर में स्थित भवनों के विरूद्ध सीजर की कार्यवाही की गई।

आयुक्त शेखावत ने बताया कि निर्माणकर्ताओं को पहले हवामहल आमेर जोन उपायुक्त सुरेंद्र सिंह यादव की तरफ से नोटिस जारी किये गये लेकिन निर्माणकताओं के द्वारा मार्गाधिकार में अतिक्रमण नहीं हटवाने एवं व्यावसायिक गति. विधियों बंद नहीं करने पर सीज की कार्यवाही की गई।

जमवारामगढ़
विधानसभा
क्षेत्र से
भावी प्रत्याशी
डॉ. रमेश सोलंकी
B.com, LLB, MBA, Ph.D
Mob. : 8882562807

PRIME TRACK
Trackon
Couriers Pvt. Limited
अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -
शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.
ऑप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

परिष्कार पत्रिका परिवार के सभी पाठकों को सहयोग के लिए हार्दिक शुभकामनाएं
आप सभी के परिवार में हर्षोल्लास और आनंद रहे ऐसी शुभ और मंगल कामनाओं के साथ।
सम्मानीय सदस्य माननीय राकेश कुमार इन्दौरा–गोविन्दपुर सांगानेर, बनवारी लाल देराण–चौधरी कॉलोनी सांगनेर, विजय कुमार कायथ–कटेवा नगर न्यू सांगानेर रोड़, अंकित सिंह निदेशक–ए एस मेमोरियल सीनियर सैकंडरी स्कूल शांती नगर अजमेर रोड़, जयपुर, इमरान अली–संजय मेमोरियल सीनियर सैकंडरी स्कूल राकड़ी जयपुर!
एवं
परिष्कार पत्रिका परिवार

रजि.नं. 259/2001 राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त
जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल
संकाय- कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]
JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL
(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)
प्रवेश प्रारंभ 44, दुर्गा शिक्षार कॉलोनी, रावत प्री का बंधा, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6
Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545
विशेषताएं : श्रेष्ठ महौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

रजि. नं. 403 (राज्य की स्वावित्तपोषित पाठशाला) स्थापित - 1996-1997
पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, अंतिम चरण सुविधा हर क्षेत्र-कुंज, साप्ताहिक बाल सभा, कम्प्यूटर शिक्षा प्रायमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।

रामलाल पाराशर, निदेशक
17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान
Mob. No. 9351451481, 7726857268

राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त
ज्ञानदीप सीनियर सैकंडरी स्कूल
संकाय- कला एवं वाणिज्य
प्रवेश प्रारंभ [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]

निदेशक
विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।
बी-20, गोविंद नगर, अवप्पा मंदिर के सामने वाली गली में, देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड़, जयपुर फोन नं- 0141-2290195, 9602441514

रजिस्ट्रेशन नं. 145/2018 आयकर छूट : धारा 80 G – आयकर अधिनियम, 1961
(राजस्थान सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1959) पेन नम्बर-AAATU8982B
उदयकौशल फाउण्डेशन, जयपुर, राजस्थान
(कार्यक्षेत्र : सम्पूर्ण भारत)
UDAIKAUSHAL उदयकौशल FOUNDATION
योग: कर्मसु कौशलम्

स्व. श्रीमती कौशल्या बारूपाल संस्थापक-न्यासी

कौशल्या बारूपाल स्मृति वन (हरा-भरा तालाब), केरिया नाडा मीठडी, नावां, नागौर (राज.)

उदय चन्द बारूपाल
(पूर्व जिला न्यायाधीश)
संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रकल्प न्यासी

लक्ष्य एवं उद्देश्य
✓ शिक्षा ✓ खेल–कूद
✓ सामाजिक सेवाएँ
✓ महिला सशक्तिकरण
✓ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा
✓ साक्षरता एवं साहित्य प्रकाशन
✓ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान

न्यासीगण :
1. नरेन्द्र बारूपाल (व्यवसायी)
2. श्रीमती दुर्गा बारूपाल,
3. श्री शंकर लाल महारनियाँ (पूर्व सहायक आयुक्त, सार्वजनिक ऋण विभाग)
4. श्री सुभाष आर्य (अधिवक्ता अभिभाषक, सीकरमण्डी)
5. नीतू बारूपाल (व्यवसायिक, पर्यावरण एवं कौशलविकास विभाग)
6. डॉ. संगीता आर्य (व्यवसाय सेवी)
7. रूपल बारूपाल (विधि विद्यार्थी)
कार्यालय प्रबंधक :
नरेन्द्र बारूपाल,
रूपल बारूपाल, गहना बारूपाल

सामाजिक सरोकारों की नई यात्रा .....
•स्वर्गीय श्रीमती कौशल्या देवी बारूपाल ''संस्थापक ट्रस्टी'' के पति उदय चन्द बारूपाल, पूर्व जिला न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, उदयकौशल फाउण्डेशन ने अपने पैतृक गाँव मीठड़ी तहसील नावां जिला नागौर मे राज्य सरकार के (हरा-भरा तालाब) अभियान के अन्तर्गत ''कौशल्या बारूपाल स्मृति वन (हरा-भरा तालाब)'' बनाने के लिये गोद लेकर वर्षा जल एवं प्रर्यावरण संरक्षण के लिये दिनांक 23 जून, 2021 को कार्य का शुभारम्भ किया।
•ग्राम मीठड़ी से गुजरने वाले हाईवे पर केरिया नाडा तालाब को ''कौशल्या बारूपाल स्मृति वन (हरा-भरा तालाब)'' के रूप में सन्तुलित विकास ग्रामवासियों के लिये किया जा रहा है।
•इस स्मृति वन में ग्रामवासियो के लिये घूमने के लिये ट्रेक, व्यायाम उपकरण, पर्यावरण हेतु विभिन्न प्रकार के पेड़ो का सघन पौधारोपण किया जा रहा है। वर्षा जल संरक्षण के लिये तालाब एवं केचमेन्ट एरिया को चरणवद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है।
•जागरूक गाँव की एक ही पहचान पेड़, पौधों, वर्षा जल संरक्षण को कोई हानि न हो। प्रत्येक ग्रामवासी तक यह सुनहरा संदेश पहुँचाना है कि जलवायु, पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लें।
पंजीकृत कार्यालय : 179, महावीर नगर-प्रथम, टोंक रोड़, दुगपुरा, जयपुर-302018 राजस्थान (भारत), मो. 09829150688, E-mail : ucbarupal@gmail.com | udaikaushal@gmail.com | Website : udaikaushalfoundation.com
शाखा कार्यालय: बारूपाल निवास, बारूपाल गीदला, ग्राम-मीठड़ी, तहसील-नावां, जिला-नागौर-341533, राजस्थान (भारत)
मो. 09414752974 •E-mail : nbarupal22@gmail.com | कार्यालय प्रबंधक : नरेन्द्र बारूपाल, रूपल बारूपाल, गहना बारूपाल

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार